कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / मा–स / पर्यावरण (36) / वो–2 / 2025 / दिनांक : As in E-Sign

समस्त संयुक्त निदेशक,
स्कूल शिक्षा।

विषय :– **मिशन "हरियालो राजस्थान"** को सफल बनाने के सम्बन्ध में।

प्रसंग :–
1. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर का पत्र क्रमांक : प. 24(10)शिक्षा–6 / 2022 (राजकाज–00427) दिनांक : 23.04.2025 एवं प. 24(10)शिक्षा–6 / 2022 (राजकाज–00427) दिनांक : 05.05.2025
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर का पत्र क्रमांक : प–10(18)वन / 2024–08061 दिनांक : 04 अप्रेल, 2025

सन्दर्भ :– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 11.04.2025

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय के बजट घोषणा **"हरियालो राजस्थान अभियान"** के क्रियान्वयन एवं उक्त क्रम में प्राप्त शासकीय निर्देशों की पालना हेतु वर्ष 2025 में वृक्षारोपण महा अभियान के सफल एवं सुचारू संचालन बाबत विस्तृत दिशा–निर्देश समस्त विभागीय अधीनस्थों हेतु जारी किये गये है।

प्रसंग एवं सन्दर्भितानुसार अवगत करवाया गया है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 की बजट घोषणानुसार मिशन **"हरियालो राजस्थान"** के तहत राज्य में आगामी मानसून के दौरान 10 करोड़ पौधे लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें 2 करोड़ पौधे वन विभाग द्वारा वन भूमि पर तथा 1 करोड़ पौधे वन विभाग की विभिन्न नर्सरियों से एन.जी.ओ. / औद्योगिक संस्थानों / आमजन को वितरण हेतु उपलब्ध कराये जायेंगे। **शेष 7 करोड़ पौधों के रोपण हेतु विभागों को संलग्न परिशिष्ट–1 अनुसार लक्ष्य आवंटित किये गए हैं।**

संलग्नित परिशिष्ट–1 के अनुरूप शिक्षा विभाग (चिकित्सा, उच्च एवं स्कूल शिक्षा) को संयुक्त रूप से 150.00 (लाखों में) पौधारोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसमें स्कूल शिक्षा का लक्ष्य 80.00 लाख उल्लेखित है। अतः इसी क्रम में लेख है कि स्थानीय प्रजातियों को महत्व देने के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रम **"एक जिला एक प्रजाति"** को प्राथमिकता देते हुए अग्रांकितानुसार दिशा–निर्देशों की पालना दिनांक : 15.07.2025 से 15.08.2025 तक सुनिश्चित करावें :–

- कक्षा 01 से 08 तक अध्ययनरत् प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा 01 पौधा विद्यालय परिसर / विद्यालय के निकटतम क्षेत्र अथवा सार्वजनिक स्थल पर लगाना।
- कक्षा 09 से 12 तक अध्ययनरत् प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा 02 पौधे विद्यालय परिसर / विद्यालय के निकटतम क्षेत्र अथवा सार्वजनिक स्थल पर लगाना।
- उक्त सम्बन्ध में विद्यालय परिसर / विद्यालय परिसर के निकटतम क्षेत्र / सार्वजनिक स्थलों में उपयुक्त भूमि का चिह्नीकरण तत्काल किया जाना सुनिश्चित करावें।
- ग्रीष्म अवकाश के तत्काल पश्चात् / पौधारोपण हेतु निर्धारित तिथि दिनांक : 15 जुलाई, 2025 से पूर्व ही विद्यार्थी संख्या / प्रदत्त लक्ष्य के अनुरूप, पौधारोपण हेतु चिह्नीकरण स्थल पर गड्ढे खुदवाने अथवा अन्य समस्त वांछित कार्यवाही पूर्ण कर ली जावे, ताकि पौधारोपण बाबत निर्धारित लक्ष्य अव्वल समयावधि में पूर्ण किया जा सके।

- समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय (जिनमें ऐसे विद्यालय भी सम्मिलित हो, जहां बालवाटिका एवं आंगनवाड़ी क्रियाशील हो) में वृक्षारोपण कार्यों के लिए चिह्नित किये गये स्थान की पहचान/चयन कर **हरियालो एप** के माध्यम से **जियो टैग** कराया जाना सुनिश्चित करावें।
- पौधारोपण हेतु उपर्युक्त निर्धारित समयावधि में प्रत्येक शानिवार (नो–बैग–डे) के दिन विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण/पौधारोपण का कार्य किया जावे तथा शेष दिवसों (अवकाश को छोड़कर) में आधा घंटा (प्रति दिवस), लगाये गये पौधों की देखरेख हेतु दिया जावे।

अतः उल्लिखितानुसार आप अपने क्षेत्राधिकार में वांछित दिशा–निर्देश जारी कर प्रदत्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्न : यथोक्त।

(आशीष मोदी)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
2. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्रों के क्रम में।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
4. उपनिदेशक, शालादर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर को हरित पाठ्शाला मॉड्यूल में उक्त साप्ताहिक प्रविष्टियों बाबत वांछित संशोधन/अद्यतन करवाये जाने के सम्बन्ध में। (जरिये ई–मेल)।
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत। (जरिये ई–मेल)
6. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर। (जरिये ई–मेल)
7. प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर/सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
8. मेनेजर, गुरूनानक भवन संस्थान, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
9. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक को पालनार्थ। (जरिये ई–मेल)
10. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ। (जरिये ई–मेल)
11. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करवाये जाने बाबत। (जरिये ई–मेल)
12. स्टॉफ आफिसर, कार्यालय हाजा। (जरिये ई–मेल)
13. सहायक निदेशक, पीएसपी अनुभाग, कार्यालय हाजा को उक्तानुसार वांछित दिशा–निर्देश समस्त निजी विद्यालयों हेतु जारी किये जाने के सम्बन्ध में। (जरिये ई–मेल)
14. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified
Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :09-05-2025 07:44:50

RajKaj Ref No.: 15209599